## खास-खबरें

### मां वेत्रवती समिति ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**गंजबासोदा।** मां वेत्रवती समिती ने भाई दोज के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए गरीब खेतिहर मजदूरों की मां बहिन बेटी को वस्त्र एवम सुहाग सामग्री के साथ स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंच कर सम्मान किया इस अवसर पर समिति संस्थापक अध्यक्ष पण्डित अरविन्द अवस्थी ने बताया कि प्रति वर्ष मां बेतबा को चढ़ने वाली 651फिट की चुनरी को माताओं बहनों का सुहाग अमर और सुरक्षित रहे इस भावना से हम गंगा जी के आशीर्वाद के रूप मेंमाताओ बहिनों को सुहाग सामग्री के साथ साड़ियां प्रदान करते हैं यह हमारी बरसो से परमप रा चली आ रही है जिसको समिति निभाती हैं समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ब गजेन्द्र ओदिच्य ने कहा कि हमें पण्डित जी के नेतृत्व में यह पुनीत कार्य करने का शोभाग्य मिलता है।

### भगवान चित्रगुप्त मंदिर देवनागरी पर पूजा अर्चना की गई

**गंजबासौदा।** कायस्थ समाज द्वारा देवनागरी बहलोट में भगवान चित्रगुप्त के मंदिर में दोज पर कलम दवात की पूजन हुई आरती उपरांत सभी कायस्थ जनों ने परस्पर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सहयोगी बृजेंद्र कुमार सक्सेना तेज नारायण श्रीवास्तव समिति के अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव सचिव शिवनारायण सक्सेना, वरिष्ठ सहयोगी कैलाश श्रीवास्तव त्यौंदा अशोक श्रीवास्तव महेश नारायण श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव आदि सहित बड़ी तादाद में स्वजातीय वन्धु उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश में आरोपी ने बाइक सवार दंपत्ति पर किया हमला, दोनों घायलों का अस्पताल में उपचार जारी



**शाजापुर।** पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने बाइक सवार दंपत्ति का रास्ता रोक कर उन पर लाठी से हमला कर उन्हे घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देवलाबिहार निवासी चंद्रप्रकाश पाटीदार पिता परमानंद पाटीदार अपनी पत्नी रीना पाटीदार और दो बच्चों के साथ बुधवार दोपहर को देवलाबिहार से सतगांव बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी गांव की रहने वाला आरोपी धर्मेंद्र पिता राधेश्याम पाटीदार ने पीछा किया और लड़ावद जोड़ पर बाइक रोक कर लाठी से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से घटना में 1 साल और करीब 3 साल के बच्चे बाइक से नीचे गिर गए। इसके बाद आरोपी ने दंपत्ति की लट्ठ से जमकर पिटाई करते हुए घायल कर दिया। दोनों घायलों को उपचार हेतु शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल चंद्रप्रकाश ने बताया कि आरोपी आए दिन विवाद करता है और पुरानी रंजिश को लेकर उसने हमला किया।

# नागरिकों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल के लिए परेशानी न होः कलेक्टर



**रायसेन।**

**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा जिले में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में ई पीएचई सहित अन्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।**

कलेक्टर श्री दुबे ने वीसी के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ से उनके क्षेत्र में पेयजल स्त्रोतों तथा वर्तमान में पेयजल वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि नागरिकों को पेयजल के लिए परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री दुबे ने निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु में किन-किन ग्रामों और नगरीय क्षेत्र के किन-किन वार्डों में पेयजल संकट होने की संभावना है, ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जाए। वहां की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें और अभी से तैयारी शुरू करें। कलेक्टर श्री दुबे ने ई पीएचई से क्षेत्रवार हेण्डपम्पों तथा अन्य पेयजल स्त्रोतों की संख्या, खराब हैण्डपम्प आदि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि हैण्डपम्प, ट्यूबबेल के खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही 24 घण्टे के भीतर उन्हें ठीक कराना सुनिश्चित करें। जहां आवश्यक हो वहां पाईप संख्या बढ़ाई जाए और ट्यूबवेल में सिंगल फेस की मोटर डाली जाए। उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर हैण्डपम्प मैकेनिकों की संख्या, गठित किए गए दलों की भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री दुबे ने वीसी के माध्यम से सांची, सिलवानी, गैरतगंज, बेगमगंज, बाड़ी, बरेली, औबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, मण्डीदीप आदि क्षेत्रों में पेयजल संबंधी पृथक-पृथक जानकारी लेते हुए एसडीएम को प्रति सप्ताह पेयजल संबंधी बैठक आयोजित कर समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश कलेक्टर श्री दुबे ने जिला स्तर पर पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि कंट्रोल रूम में शिकायत पंजी संधारित की जाए और प्राप्त शिकायतों को उसमें दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि हैण्डपम्प खराब होने या पाइप बढ़ाने संबंधी शिकायतों का 24 घण्टे में निराकरण सुनिश्चित हो। साथ ही मोटर डालने संबंधी शिकायतों का दो दिवस के भीतर निराकरण होना चाहिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, एसडीएम रायसेन श्री पीके शाक्य, ई पीएचई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी बैठक में शिमल हुए।

### बलात्कारी को आजीवन कारावास

**विदिशा ( निप्र )।** न्यायालय जी.सी. शर्मा विषेष न्यायाधीश एस.सी./ एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम जिला विदिषा ने बलात्कारी अपराधी निवासी अंतर्गत थाना बासौदा शहर को आजीवन कारावास एवं 6000 रू. अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया। अभियोजन के अनुसार घटना दिनांक 21.06.2017 को पीड़िता, उसकी माँ व भाई तीनों घर के अंदर दहलान में और पिता बाहर सो रहे थे। रात्रि करीब 11 बजे पीड़िता बाथरूम करने के लिए बाहर गई और जब वापस घर में अंदर जाने लगी तो उसे अपराधी ने पकड़ लिया और जबरन खेत में महुआ के पेड़ के नीचे ले जाकर बलात्कार किया। वह चिल्लाने लगी तो उसका मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी दी। घर आकर पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी।

### डीजल-पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने सन्निकट लोकसभा निर्वाचन को ध्यानगत रखते हुए डीजल, पेट्रोल पम्प का स्टॉक रिजर्व में रखने के आदेश जारी कर दिए है। जिले में संचालित समस्त डीजल, पेट्रोल पम्प अनुज्ञप्तिधारी अपने डीजल, पेट्रोल पर डेड स्टॉक के अतिरिक्त तीन हजार लीटर डीजल एवं एक हजार लीटर पेट्रोल अन्य आदेश तक सदैव रिजर्व स्टॉक में रखेगें।

## मारपीट के आरोपियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का आरोप



**शाजापुर।** घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों पर पुलिस के द्वारा नियमानुसार धारा में प्रकरण दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए महिला और उसके पति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। बुधवार को ग्राम भरदी थाना कालापीपल निवासी नरबतसिंह अपनी पत्नी के साथ शाजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और यहां शिकायती आवेदन देकर बताया कि धुलेंडी के दिन गांव के ही रवि पिता दौलतसिंह मेवाड़ा, सतीश पिता दौलतसिंह मेवाड़ा, संदीप पिता भगवानसिंह मेवाड़ा, रितेश पिता जगनाप्रसाद जायसवाल, गब्बर पिता कैलाश मेवाड़ा, सतीश पिता बनेसिंह मेवाड़ा, गोरेलाल पिता पप्पूलाल मेवाड़ा, अखिलेश पिता दयाराम मेवाड़ा, दिनेश पिता मोहनसिंह मेवाड़ा ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी की गई। घटना में घायल भगवतसिंह को भोपाल अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य महिलाओं को चोंट आई है, बावजूद इसके पुलिस के द्वारा मामले में आरोपियों के विरुद्ध सामान्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को गिरफ्तार भी नहीं किया गया है जिसकी वजह से वह लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। नरबतसिंह का आरोप है कि पुलिस भी आरोपियों का समर्थन कर रही है जिसकी वजह से उसे परिवार सहित गांव छोड़कर अन्यत्र स्थान पर रहना पड़ रहा है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती आवेदन में आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं और मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तथा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की गई है।

शाजापुर पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायत करने पहुंचे नरबतसिंह ने बताया कि कालापीपल थाना पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई न ही किए जाने की वजह से उनके हौंसले बुलंद हैं और वे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में दहशत की वजह से परिवार सहित गांव से पलायन करना पड़ा। आवेदन में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई है ताकि परिवार के लोग दोबारा से गांव में जाकर रह सकें।

## स्वीप गतिविधियों कें अंतर्गत वूमन वोटर रन पर निकाली जागरूकता रैली



**मंदसौर।**

स्वीप सहायक नोडल अधिकारी श्री पीसी चौहान द्वारा बताया गया लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिये वूमन वोटर रन थीम पर आधारित जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौराहे पर समापन हुआ। रैली समापन के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। रैली में विभाग के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सर्वाधिक मतदान करने की अपील की

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले के मतदाताओं से लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत विदिशा जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्रों में अब तक का सर्वाधिक मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदाता निर्भीक होकर अपने मतदान केन्द्र पर मतदान अवश्य करें। हर मतदाता का मतदान मौलिक अधिकार है और इस अधिकार से कोई वंचित ना रहें के प्रबंध जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किए गए है। उन्होंने अपीलीय आह्वान में कहा है कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संदेशो का सम्प्रेषण किया जा रहा हैं।

## कलेक्टर ने की लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा
## निर्वाचन प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर होगी कार्रवाई

**रायसेन।**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्तरीय वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु की जा रही कार्यवाहियों, गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने वीसी के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारियों तथा एसडीएम से निर्वाचन गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन करते हुए निर्वाचन गतिविधियां संपादित की जाएं। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मतदान की सुविधा हेतु की जा रही तैयारियों की भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री दुबे ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि लोकसभा निर्वाचन के संदर्भ में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया व ईवीएम का जानकारी देने हुए गत दिनों आयोजित प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए 28 मार्च को प्रातः 11 बजे से विकासखण्ड मुख्यालयों पर निर्धारित स्थलों पर पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मुकेश सिंह, एसडीएम रायसेन श्री पीके शाक्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी बैठक में शिमल हुए।

## आईपीएल मैच पर चला रहे थे सट्टा, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

**आष्टा।**

**क्षेत्र में सट्टे, जुए का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब आष्टा थाना क्षेत्र में आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा चलाने का मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जगमालपुरा स्थित एक मकान से आईपीएल पर सट्टा चलाने वाले दो लोगों को घेराबंदी कर रंगेहाथ पकडा है।**

आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है कि आखिरकार उनके तार कहां तक जुडे हैं।

आष्टा थाना पुलिस को जगमालपुरा के एक मकान में आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा चलाने की सूचना मिली थी। एसपी मयंक अवस्थी, एएसपी गीतेश गर्ग, एसडीओपी आकाश अमलकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी रवींद्र यादव ने टीम बनाई। टीम ने मौके पर जाकर घेराबंदी करते हुए आरोपी अंजनीनगर आष्टा निवासी अनिल उर्फ अन्नू पिता कैलाशनारायण, महेश कुशवाह पिता अमरसिंह कुशवाह सेमनरी रोड को रंगेहाथ पकडा है।

**कई जगह जुडे हैं आरोपियों के तार:** बुधवार को एसडीओपी आकाश अमलकार ने एसडीओपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बताया कि पकडे गए आरोपी अनिल उर्फ अन्नू और महेश कुशवाह से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के तार अन्य जगहों पर भी जुडे हैं। पुलिस अब पता करने में जुटी है कि आरोपी कब से सट्टे, जुए के कारोबार में लिप्त हैं और कौन उनके साथ जु डे हुए हैं। बता दे कि दो दिन के अंदर आष्टा थाना पुलिस की जुए, सट्टे के मामले में यह दूसरी बडी कार्रवाई है।

**इनका कहना है:** आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा चलाने वाले दो आरोपियों को पकडा है। जिनके पास से दो लैपटॉप, मोबाइल फोन जब्त किया है। मामला कायम कर जांच की जा रही है।

**आकाश अमलकार,**
एसडीओपी आष्टा

### शनिवार को शुष्क दिवस घोषित

विदिशा (निप्र)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में शनिवार 30 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है। इस संदर्भ में जिला आबकारी अधिकारी विनय कुमार रंगशाही ने बताया कि विदिशा जिले की 73 कम्पोजिट मदिरा दुकाने 30 मार्च को सायंकाल चार बजे तक तथा एक कम्पोजिट मदिरा दुकान हॉटबामोरीशाला को सम्पूर्ण दिवस की अवधि हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस व अवधि में मदिरा का क्रय, विक्रय, परिवहन मदिरा पान पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इस अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकाने एवं वाइनशॉप नियत तिथि व समय अवधि तक बंद रखने के आदेश का कढाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रसारित किए गए है।

### एसिड फेंकने के मामले में आया नया मोड़, तीनों युवकों पर लड़की को उठाकर ले जाने का लगाया आरोप

**शाजापुर।** युवती के द्वारा तीन युवकों पर एसिड फेंके जाने के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस ने मामले में तीनों युवकों के खिलाफ युवती की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती तीन युवकों ने युवती पर एसिड फेंके जाने का आरोप लगाया था, लेकिन मामले में पुलिस के अनुसार तीनों युवक एसिड लेकर युवती का अपहरण करने आए थे और स्वयं के हाथों से ही युवकों पर एसिड गिर गया और कार्रवाई से बचने के लिए युवकों ने झूठी कहानी गढ़ते हुए युवती पर आरोप लगा दिए। पुलिस के अनुसार जिले के ग्राम हिम्मतपुरा निवासी एक युवती को तीन युवक उठाने और उस पर एसिड फेंकने की नीयत से पहुंचे थे, जहां परिजनों के पहुंचने पर उनमें विवाद हुआ और झूमा-झटकी में युवकों द्वारा लाया गया एसिड उन पर ही ढूल गया जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। इसके बाद तीनों युवकों को पोलायकलां के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उन्हें शाजापुर अस्पताल रैफर किया गया। पोलायकलां चौकी पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब 5 बजे विशाल पटेल निवासी पोलायकलां, राकेश किर निवासी बिनाया और कान्हा बैरागी निवासी हिम्मतपुरा तीनों हिम्मतपुरा निवासी युवती के घर पहुंचे और उसे उठाने का प्रयास करने लगे।

## करीला मेला में आंगुतकों हेतु सुविधाएं करेंगे सुनिश्चित

**विदिशा (निप्र)।**

रंगपंचमी पावन पर्व पर करीला में भरने वाले मेले में लाखों श्रद्धालु माँ जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना ना करना पड़े इसके लिए विदिशा व अशोक नगर जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया गया है।

दो जिलो क्रमशः विदिशा व अशोकनगर की सीमा पर स्थित माता जानकी-लवकुश मंदिर करीला में श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के अंतर्गत स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल आपूर्ति, बिजली की आपूर्ति, परिवहन, पार्किंग के साथ खाद्य पदार्थो की आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंध, फायर बिग्रेड, वालंटियर्स, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केन्द्र के साथ अन्य प्रबंधो पर विचार विमर्श कर क्रियान्वित किया गया।

विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला तथा अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्धिवेदी, व पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मेला के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधो की समीक्षा ही नहीं की बल्कि क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश भी दिए है। विदिशा जिले की ओर से आने वाले वाहन पार्किंग के लिए स्थलों का चिह्नांकन किया गया है।

## श्रावक -श्राविकाओं ने दी मुनि भूतबली को श्रद्धांजलि, डोले में हजारों भक्त हुए शामिल

**आष्टा।**

**जैन आगम के सर्वथा अनुकूल मुनि धर्म का निर्वहन करते हुए 82 वर्षीय पूज्य भूतबली सागर जी महाराज ने बुधवार 28 मार्च की दोपहर ढाई बजे अपनी देह त्याग दी । नगर के जैन जैनेतर भक्तों पर उनकी अपार कृपा थी ।**



संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी के शिष्यों में सबसे पहले आपने ही दीक्षा ली थी और ज्येष्ठ रहे मुनि श्री भूतबली सागर जी महाराज को सोमवार को स्वास्थ्य संबंधी प्रतिकूलता हुई थी ,इस खबर के बाद से ही देश भर में फैले मुनिश्री के शिष्यों का महाराज श्री के दर्शनार्थ नगर में आना शुरू हो गया था । बुधवार को उनका समाधिपूर्वक देहावसान हो गया । मुनि श्री के पार्थिव शरीर को श्रावकों के दर्शनार्थ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मन्दिर प्रांगण में रखा गया था, जहां उनके संघस्थ शिष्य मुनि सागर जी , मौन सागरजी तथा मुक्ति सागर जी महाराज के सानिध्य में ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी ने शांति और समाधि पाठ किया । इस अवसर पर विनयांजलि सभा भी हुई ।

पूज्य मुनि श्री भूतबलि सागर जी महाराज का गृहस्थ जीवन का नाम भीमसेन था

जन्म स्थान -- कर्नाटक प्रांत बेलगावी जिला तेरदाल गाँव मे जन्म हुआ अल्लपा जिंजुरवाड़ के यहां हुआ था।माता का नाम पद्मवा जिंजुरवाड़ था। आपकी चार बहने थी।महाराज जी केवल चार बहनों चन्द्रवा, चम्प्वा, हौसवा, शानत्वा के बीच मे एक भाई थे भीमसेन ।आपका सांसारिक नाम भीमसेन था। पूज्य मुनि श्री भूतबलि सागर जी महाराज का ग्रहस्थ जीवन का नाम भीमसेन था।

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने प्रथम क्षुल्लक दीक्षा अजमेर में ब्रह्मचारी भीमसेन को दी थी। विनयांजलि सभा में बाल ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी ने मुनि श्री भूतबलि सागर महाराज के आष्टा में तीन चातुर्मास सहित अनेक शीतकालीन वासना मिलने सहित आष्टा के किले मंदिर को सम्मेद शिखर जी का नाम दिया था और उन्होंने अंतिम सांस भी इसी किला मंदिर परिसर में सब कुछ त्याग कर ली ।प्रदेश कांग्रेस महासचिव तथा पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने मुनि श्री की नगर के भक्तों पर विशेष कृपा का उल्लेख करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की भावना प्रकट की । इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर , लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र मालवीय, डॉ मीना सिंगी, रायसिंह मेवाड़ा, रुपेश राठौर,प्रशाल प्रगति, सुशील संचेती, समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल जैन, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक, मुकेश बडजात्या, संतोष जैन जादूगर,एच आर परमाल सहित बाहर से पधारे मुनि भक्तों ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि शब्दों के माध्यम से व्यक्त की ।बाद समाधिस्थ मुनि भूतबली सागर जी का डोला निकाल कर किला मन्दिर के परिसर में विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया ,जहां हजारों श्रावको ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर आहुति स्वरूप श्रीफल अर्पित किए ।